# कोलार से संतनगर तक गूंजता रहा जयघोष

## तिरंगा यात्रा को लेकर गजब का उत्साह : भूपेन्द्र



भोपाल (हिनप्र)।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर जहां लोग अपने-अपने घरों में तिरंगा फहराकर आजादी का जश्न मना रहे हैं वहीं भोपाल की हुजूर विधानसभा के विधायक रामेश्वर शर्मा ने कर्मश्री ने अखंड भारत स्मृति दिवस पर राजधानी में 25 किलोमीटर लंबी तिरंगा यात्रा निकाली।**

तिरंगा यात्रा कोलार के मदर टेरेसा स्कूल से प्रारंभ होकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय उपमंडी, भैसाखेड़ी तक निकली। यात्रा में 25 हजार वाहनों के साथ हजारों लोगों शामिल हुए। 500 मंचों से यात्रा का स्वागत किया गया। हजारों हाथों में हजारों तिरंगों के साथ भारत की जय के उद्घोष ने पूरे वातावरण को राष्ट्रीय चेतना से सराबोर कर दिया। विधायक रामेश्वर शर्मा के नेतृत्व में निकाली गई यात्रा को केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने उत्साह से भरा बताया। यात्रा में भारत के जयकारों से मार्ग का वातावरण गुंजायमान होता रहा। तिरंगा यात्रा की शुरूआत करते हुए शर्मा ने कहा, अखंड भारत का संकल्प दोहरा रहे हैं। एनसीसी कैडेट्स ने सलाम देकर व तिरंगे के साथ कदमताल कर यात्रा को रवाना किया। केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि हुजूर की तिरंगा यात्रा में भारी बारिश के बाद भी लोग डिगे नहीं। हाथों में तिरंगा थामे बढ़ते रहे। आज पूरे देश में आजादी के अमृत उत्सव पर तिरंगा यात्रा को लेकर के गजब का उत्साह है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अमृत काल के भारत का निर्माण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में करेंगे।

### जगह-जगह फहराया जाएगा तिरंगा

77वां स्वाधीनता दिवस पर संतनगर की शैक्षणिक, सामाजिक व अन्य संगठनों द्वारा ध्वजारोहण किया जाएगा। सैकड़ों बच्चे आजादी का घोष करने रैली निकालेंगे। शहीद हेमू कालानी एज्युकेशन सोसासायटी, सुधार सभा, नवयुवक सभा की शिक्षण संस्थाओं एवं संस्कार स्कूल में स्वाधीनता दिवस पर ध्वजारोहरण एवं देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम होंगे। लक्ष्मी देवी विक्योमल सराफ एज्युकेशन सोसायटी गांधीनगर में भी ध्वजारोहण होगा। वहीं, पंचायत कार्यालय में सुबह 9 बजे, स्वामी शांतिप्रकाश धर्मशाला में प्रातः 10 बजे, सिंधु नव जागरण समिति स्वामी शांतिप्रकाश धर्मशाला ट्रस्ट व सिंधु जागृति सेवा समिति व ब्लॉक कांग्रेस कमेटी में ध्वजारोहण होगा।

### पूर्व बेला में कार्यक्रम

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर लाइफ लाइन स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया। लायंस क्लब भोपाल मन्नत द्वारा मनाया गया क्लब की फाउंडर लायन किरण वाधवानी ने बच्चों को आजादी के पर्व की बधाई दी और तिरंगे वितरित किए। बच्चों ने देशभक्ति के नारे लगाए और गीतों को प्रस्तुत किया।

# शासकीय सेवकों को 35 वर्ष की सेवा पर चतुर्थ समयमान वेतनमान

भोपाल (काप्र)।

**राज्य शासन की सिविल सेवाओं के जिन संवर्गों में सीधी भर्ती होती है, उनमें 'अ' 'ब' 'स' एवं 'द' वर्ग की सिविल सेवाओं के सदस्यों को शासकीय सेवा में प्रथम नियुक्ति दिनांक से 35 वर्ष की सेवा अवधि पूरी होने पर चतुर्थ समयमान वेतनमान देय होगा।**

राज्य शासन के आदेश के अनुसार ऐसे शासकीय सेवक, जिन्हें शासकीय सेवा में सीधी भर्ती से नियुक्ति की तिथि से तीन पदोन्नति / क्रमोन्नति / समयमान वेतनमान का ही लाभ प्राप्त हुआ है, को 01 जुलाई 23 या इसके बाद की तिथि से 35 वर्ष की सेवा पूर्ण करने पर चतुर्थ समयमान वेतनमान की पात्रता होगी। शासकीय सेवक को चतुर्थ समयमान वेतनमान के लिये सेवा अवधि की गणना, प्रतियोगी/ चयन परीक्षा के माध्यम से राज्य शासन के अंतर्गत किसी सीधी भर्ती के पद पर प्रथमवार किये गये कार्यभार ग्रहण करने की दिनांक से होगी। उच्चतर वेतनमान का लाभ प्राप्त करने के लिये शासकीय सेवक को उन अर्हताओं को पूरा करना आवश्यक होगा जो कि विभागीय सेवा भर्ती नियमों के अनुसार पदोन्नति के लिये निर्धारित है।

राज्य शासन के ऐसे संवर्ग के ऐसे अधिकारी/कर्मचारी जिन्हें विशिष्ट योजना के अंतर्गत समयमान वेतनमान का लाभ प्राप्त है, उन्हें योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु मंत्रि-परिषद से पृथक से आदेश प्राप्त किया जाना आवश्यक होगा। यदि किसी संवर्ग को परिशिष्ट-। अनुसार निर्धारित चतुर्थ समयमान वेतनमान के तुल्य अथवा अधिक लेवल का वेतनमान प्राप्त हो रहा है, तब उन्हें वर्तमान प्राप्त लेवल का वेतनमान ही प्राप्त होता रहेगा। मप्र राज्य की सिविल सेवाओं के सदस्यों को चतुर्थ समयमान वेतनमान के अंतर्गत मध्यप्रदेश वेतन पुनरीक्षण नियम 2017 (सातवें वेतनमान के अनुसार) मेट्रिक्स लेविल वर्ग-अ प्रथम श्रेणी, वर्ग-ब द्वितीय श्रेणी, वर्ग-स तृतीय श्रेणी, कार्यपालिक एवं सचिवीय सेवायें एवं वर्ग- द चतुर्थ श्रेणी है।

विभाजन की विभीषिका सिंधी कार्यक्रम में गेहानी ने कहा...

# सिंधी भाषा को बचाने का प्रयास करना होगा

भोपाल (हिनप्र)।

**साधु वासवानी स्कूल विभाजन की विभीषिका सिंधी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं भगवान झूलेलाल जी की तस्वीर के समक्ष माल्यार्पण व प्रार्थना कर किया गया।**

शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने कहा कि यह कार्यक्रम विद्यालय में मनाने का उद्देश्य है कि बच्चों को बताना है कि हम अपनी भाषा सिंधी को कभी न भूलें और सदैव अपनी सिंध को याद करते रहें। 14 अगस्त 1947 तक मनहूस दिन बना जिसमें सिंधियों की जन्मस्थली जहां उनकी संस्कृति सभ्यता भाषा पली एवं बढ़ी हुई उसके हाथों से निकल गयी। गेहानी ने कहा कि भारत में अलग-अलग प्रांतों में बंट गए आज यह संकल्प करें कि सिंधियों के अधिकार और पट्टे और भाषा का अधिकार उन्हें मिलने चाहिए और सिंधियों को अल्पसंख्यक घोषित किया जाना चाहिए।

सिंधी सेंट्रल पंचायत के महासचिव सुरेश जसवानी ने कहा कि सिंधी समाज को आजादी के लिए कितनी यातनाएं सहनी पड़ी थीं यह सभी जानते हैं हमारे सिंधी समाज की महिलाओं ने भी स्वतंत्रता सैनानी के रुप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, सिंध का एक हिस्सा जो हमें मिलना था वह भी नहीं मिला। संस्कार स्कूल के सचिव बंसत चेलानी ने कहा सिंधी समाज ने बहुत कुछ खोया है। आज से 76 साल पहले हमने जो खोया वह अब बरकरार रहे ऐसा प्रयास करना होगा। सिंधी पंचायत के अध्यक्ष साबूमल रीझवानी कहा कि सिंधु संस्कृति व सभ्यता ने हमें देशभक्ति, संस्कार सिखाये सिंधी समाज अपनी मेहनत व सच्चाई के बल पर आगे बढ़ता रहेगा, संतों ने भी हमें यही सिखाया है कि अपनी संस्कृति व सभ्यता को कभी न भूलें। नंद दादलानी, बल्लू चोईथानी ने भी विचार रखे।




# केरिपुब ने निकाली तिरंगा यात्रा

भोपाल (काप्र)।



आजदी का अमृत महोत्सव मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत आज 41 वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के लगभग सौ जवानों व अधिकारियों ने वाहिनी कमाण्डेन्ट मनीष कुमार यादव के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा का आयोजित किया। उक्त बाईक रैली वाहिनी मुख्यालय परिसर बंगरसिया से चलकर बगरौदा गांव, रापड़िया, कटाना हिल्स होते हुए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान पहुंची वहां से पुनः एमपी नगर होते हुए राजाभोज प्रतिमा बड़ा तालाब भोपला और वापसी में रानी कमपापति रेलवे स्टेशन एवं बरकतउल्ला विश्वविद्यालय होते हुए पुनः सूह केन्द्र केरिपुब परिसर बंगरसिया में आकर समाप्त हुई। इस तिरंगा यात्रा के दौरान जवानों ने हर घर तिरंगा, घर-घर तिरंगा, वन्दे मातरम्, हमारी शान तिरंगा-हमारी आन तिरंगा एवं भारत माता की जय जैसे गगनचुंबी नारों से पूरे भोपाल शहर को आजादी का अमृत महोत्सव और राष्ट्रप्रेम के रंग में रंग दिया। पूरे रास्ते में आम नागरिकों में भी आजादी का जोश देखने लायक था और जनभागीदारी भी सराहनीय रही। इस अवसर पर कमाण्डेंट श्री यादव, द्वितीय कमान अधिकारी एफए बग्रावट, वीके श्रीवास्तव, उप कमाण्डेन्ट एलएन उपाध्याय एवं अभिषेक कुमार उपस्थित रहे।

# सीएचआई स्कूल में तीस छात्राओं की तबीयत बिगड़ी

भोपाल (काप्र)।

राजधानी के गांधी नगर में स्थित चिल्ड्रन होप इंडिया (सीएचआई) गर्ल्स स्कूल में सोमवार सुबह करीब 10.30 बजे अचानक 9वीं क्लास की छात्राएं खांसने लगीं। खांसी नहीं रुकने पर क्लास रूम को खाली कराया। 25 से 30 स्टूडेंट्स में से ज्यादातर बच्चों को विजयश्री हॉस्पिटल भेजा गया। फिलहाल अब सभी की स्थिति सामान्य है। स्कूल की प्राचार्य प्रिया जैन शर्मा के मुताबिक, सोमवार सुबह स्कूल की बिल्डिंग के फर्स्ट फ्लोर पर रूम नंबर 16 में क्लास चल रही थी। तभी स्टूडेंट्स ने खांसना शुरू कर दिया। 23 बच्चियों की तबीयत खराब हुई थी। हालांकि अस्पताल के डॉक्टर का कहना है कि, 25 से 30 स्टूडेंट्स इलाज कराने पहुंची थीं। प्राचार्य ने कहा, स्कूल रिहायशी कॉलोनियों के बीच स्थित है। कुछ दूरी पर कचरे का ढेर लगा था। इसी कचरे के ढेर में किसी ने आग लगा दी थी। इसके बाद धुआं निकलने से स्टूडेंट्स की सेहत बिगड़ने की संभावना है। जांच कराई जा रही है। डॉ. एसके शुक्ला ने बताया कि सभी छात्राओं को सांस लेने में तकलीफ, पेट दर्द और उल्टी करने की शिकायत थी। सभी स्टूडेंट्स को लक्षणों के आधार पर ट्रीटमेंट देकर वापस घर भेज दिया गया है। स्कूल प्राचार्य के मुताबिक क्लास में कुल 26 स्टूडेंट्स थे। 23 स्टूडेंट्स को लगातार खांसी आती रही। इसलिए इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया था। अब सभी बच्चियां अपने घर पहुंच चुकी हैं।

### बालिका गृह में बच्ची की तबीयत फिर बिगड़ी

बालिका गृह की एक लड़की की तबीयत रविवार रात फिर बिगड़ गई। उसे दोबारा जेपी अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। हालत में सुधार होने के बाद उसे सोमवार सुबह बालिका गृह लाया गया। लड़की उन 11 लड़कियों में शामिल है, जिन्हें शनिवार देर रात पेट दर्द, उल्टी और दस्त की शिकायत पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सभी 11 लड़कियों को रविवार को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई थी। मामले में रायसेन की बाल कल्याण समिति ने आपत्ति जताई है। समिति का कहना है कि लड़की की तबीयत बार-बार क्यों बिगड़ रही है, इसकी जांच कराई जानी चाहिए। यह जानकारी भी सामने आ रही है कि जिस केन से इन 11 लड़कियों ने पानी पीया, उसे 3 महीने से साफ नहीं किया जा रहा था।


**पश्चिम मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है:- **(1) निविदा संख्या:** विद्युत-सा.-भो.-नि.-57-2023 **कार्य का नाम:** इटारसी-रिसीविंग यार्ड में मालगाड़ी जांच सुविधाओं का उन्नयन। (बिजली के काम) **कार्य पूर्ण करने की अवधि:** 04 माह **अनुमानित लागत:** ₹ 53,81,739.45/- **अग्रिम राशि:** ₹ 1,07,600/- **निविदा बंद होने की तिथि व समय:** 05/09/2023, 11.00 बजे. संपूर्ण निविदा प्रपत्र तथा निविदा से संबंधित पूर्ण जानकारी वेबसाइट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है एवं निविदा सूचना अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है। निविदा/निविदायें हेतु मैन्युअल ऑफर स्वीकर नहीं है तथा ऐसा कोई ऑफर प्राप्त होता है तो उसे मान्य नहीं किया जायेगा। इस निविदा में आवश्यक संशोधन यदि लागू हो तो वेबसाइट पर लोड कर दिया जायेगा तथा ऐसे संशोधन कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी लगाये जायेंगे जिसे निविदा बंद होने के समय तक देखा जा सकता है। यदि निविदा की लागत राशि 50 लाख रूपये से अधिक है, तब पात्रता मानदंड जीसीसी के पैरा 10 के अनुसार लागू होगा। निविदा में भाग लेने से पहले ठेकेदार इस शर्त को पढ़ लें। इसके लिए ठेकेदार द्वारा दस्तावेज IREPS वेबसाइट पर अपलोड किए जाने चाहिए। अपलोड किए गए दस्तावेजों को ही निविदा को अंतिम रूप देने के लिए विचार किया जाएगा। इसका संक्षिप्त विवरण भी निविदा के साथ संलग्न विशेष शर्त में दिया गया है

**वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य), म.रे.प्र. कार्यालय पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल रानी कमलापति स्टेशन के समीप**

वैक्सीन अवश्य लगवाएं, जीवन के हर सफर को सुरक्षित बनाएं!



**न्यायालय नायब तहसीलदार**
**तहसील कोलार जिला भोपाल**
**प्रकरण क्रमांक 0204/अ-3/23-24**

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रकरण में आवेदक अमरप्रीत सिंह चावला के स्वत्व की भूमि खसरा नंबर 447/1/1/10 रकबा 0.0900 हे. भूमि का बटान किए जाने का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह इस इश्तहार के जारी होने के पश्चात आगामी पेशी दिनांक 25/8/23 को इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 8.8.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

2352

**नायब तहसीलदार**
**तहसील कोलार भोपाल**



**न्यायालय नायब तहसीलदार**
**तहसील कोलार जिला भोपाल**
**प्रकरण क्रमांक 0203/अ-3/23-24**

**इश्तहार**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रकरण में आवेदक रणजीत नरुला पत्नी एच.एस. नरूला के स्वत्व की भूमि खसरा नंबर 447/1/1/9 रकबा 0.0900 हे. भूमि का बटान किए जाने का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वह इस इश्तहार के जारी होने के पश्चात आगामी पेशी दिनांक ... को इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 8.8.2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

2351

**नायब तहसीलदार**
**तहसील कोलार भोपाल**



**कार्यालय नगर पालिक निगम भोपाल**
**जोन क्र. 21 (डॉ. भीमराव अम्बेडकर) सहयाद्रि परिसर के पास भदभदा रोड**
**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर निगम भोपाल के स्वामित्व की दुकान/भूखंड के नामांतरण हेतु जोनल कार्यालय क्र. 21 के समक्ष में आवेदनकर्ता द्वारा उनके नाम से नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसका विवरण निम्नानुसार है-

| क्र. | दुकान क्र. | आवेदक का नाम | पूर्व आवंटी का नाम | वर्तमान में स्थल पर काबिज का नाम | आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | न्यू मार्केट, टी.टी. नगर स्थित दुकान क्र.-52/152 | श्री अथर जफर आत्मज मोहम्मद जफर खान एवं मोहम्मद मजहर खान आ. मोहम्मद जफर खान | श्री राशिद खान आत्मज श्री अब्दुल रज्जाक | श्री अथर जफर आत्मज मोहम्मद जफर खान एवं मोहम्मद मजहर खान आ. मोहम्मद जफर खान | आवेदन पत्र एवं रजिस्टर्ड |

उक्त दुकान से संबंधित राजस्व अभिलेखों में उपरोक्तानुसार खातों में नाम परिवर्तन करने में किसी व्यक्ति को कोई वैधानिक आपत्ति है तो वह 15 दिवस के अन्दर नगर निगम भोपाल के जोनल कार्यालय क्र. 21 (डॉ. भीमराव अम्बेडकर) सहयाद्रि परिसर के पास भदभदा रोड को लिखित सूचित कर सकता है। निर्धारित समयावधि 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो नगर निगम भोपाल नाम परिवर्तन करने के लिए सक्षम होगा। तत्पश्चात किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**सू.क्र. 861/023/024** **जोनल अधिकारी, जोन क्र. 21 नगर निगम भोपाल**





स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

प्रेषक : जयेश शाह सामाजिक कार्यकर्ता
अध्यक्ष : हिंदू उत्सव समिति गंज बासौदा



स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



श्री वीर सिंह रघुवंशी
पूर्व मंत्री म.प्र.शासन





श्री निशंक जैन
पूर्व विधायक गंजबासौदा

प्रेषक : सतीष कटारे : पार्षद वार्ड 12 न. पा. गंजबासौदा



